# प्रेस नोट दिनाँक- 07.12.2023

**(1).** आज दिनाँक 07.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 07.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 01 वांछित व 04 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ।**

**(i).** प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री राजेश कुमार द्विवेदी उनकी टीम निरीक्षक श्री अभयराज सिंह, आरक्षी राहुल पाण्डेय, आरक्षी चालक प्रवीण पाण्डेय द्वारा मु0अ0सं0 190/2023 धारा 376(3)D,504 भादवि0 व 05(G)I/06 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र भइयालाल निवासी महेरा थाना लालापुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया ।

**(ii).** उ0नि0 श्री इन्द्रजीत गौतम तथा उनके हमराही आक्षी मोहम्मद अदनान द्वारा परिवाद संख्या 20/2018धारा 323,334 भादविद के वारण्टी अभियुक्त अवधेश कुमार 2. लवकुश पुत्रगण देवी प्रसाद निवासीगण बालापुर थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(iii).** उ0नि0 श्री कृष्णदेव मिश्रा थाना राजापुर तथा उनके हमराही आरक्षी निशांत यादव द्वारा मु0नं0 4384/2013 धारा 279,337,338 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त रज्जन यादव पुत्र ननकावन निवासी गोबरोल थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

**(iii).** चौकी प्रभारी गनीवा श्री राजोल नागर तथा उनके हमराही आरक्षी प्रमोद कुमार व आरक्षी अशोक पाल द्वारा मु0नं0 37/2016 धारा 323,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त नामा उर्फ नागेश व अरुण कुमार पुत्रगण प्रताप नारायण निवासीगण गनीवा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(4).** पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री श्यामप्रताप पटेल द्वारा भोली भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र शत्रुध्न निवासी चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 03 यूपी0 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

**(5).** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री राज कमल के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी, निरीक्षक श्री विजय सिंह तथा उनकी टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास करते हुये दिनांक 05.11.2023 से दिनाँक 06.12.2023 तक कुल 10 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के कुल 3,82,141/- रुपये अथक परिश्रम कर उनके खातों में वापस कराये गये हैं।

**साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री विजय सिंह, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा अथक प्रयास करके 10 पीडितों का रुपया बरामद कराया गया।**

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल उपलब्ध है आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि कैसे-कैसे हम साइबर ठगी का शिकार हो सकते है और क्या सावधानी अपनायें की साइबर ठगी से बचा जा सके।

**नोट- किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं0 1930 पर तुरंत क़ॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर कम्पलेंट रजिस्टर करें या अपनें थाना के साइबर हेल्प डेस्क / जनपदीय साइबर सेल को तत्काल सूचना दें।**

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपाधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चौकी प्रभारी गनीवा श्री राजोल नागर तथा उनके हमराही आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी अशोक कुमार व आरक्षी प्रकाश मिश्रा द्वारा ताश के पत्तों पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये अभियुक्त 1. जियालाल पुत्र चुक्का प्रसाद 2. लक्ष्मी प्रसाद पुत्र पंचा 3. सुशील कुमार पुत्र बच्चा 4. धनराज पुत्र रामदेव 5. राजकुमार पुत्र रामाश्रय 6. जागेश्वर पुत्र भोंदू 7.राजेश कुमार पुत्र मखलू 8. रामप्रकाश पुत्र मुल्ला 9. अनोखेलाल पुत्र रामदेव निवासीगण लुधौरा बुजुर्ग थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफल 52

अदद ताश के पत्ते 1200/- रुपये तथा जामातलाशी से 800 रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 13 जुआ अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।